# रेलवे अधिकारियों के साथ बैठक में दिल्ली के सिर्फ दो सांसद शामिल

Prashant.Soni@timesgroup.com


दिल्ली में रेलवे से जुड़ी लोगों की समस्याओं पर विचार करने के लिए रेलवे की ओर से बुलाई गई थी बैठक

■ **नई दिल्ली** : दिल्ली में रेलवे से जुड़ी लोगों की समस्याओं पर विचार करने के लिए रेलवे की ओर से बुलाई गई बैठक में दिल्ली से महज दो सांसदों ने ही हिस्सा लिया। बैठक में दिल्ली और एनसीआर के सांसदों को आमंत्रित किया गया था। रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव के निर्देश पर ये बैठक इसलिए बुलाई गई थी, ताकि सांसद अपने क्षेत्र की रेलवे से जुड़ी समस्याओं को रेल प्रशासन के आला अफसरों के सामने रख सकें और रेल प्रशासन भी उन्हें दिल्ली में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दे सके। बैठक में उत्तर रेलवे के शीर्ष मैनजमेंट के साथ ही महाप्रबंधक आशुतोष गंगल व दिल्ली के डीआरएम डिंपी गर्ग भी मौजूद थे। लेकिन दिल्ली से लोकसभा के सात में से पांच सांसद बैठक में पहुंचे ही नहीं। एनसीआर के शहरों से आने वाले सांसदों में से अधिकतर ने इसमें हिस्सा लिया।

रेलवे सूत्रों के मुताबिक बैठक में दिल्ली से चांदनी चौक का प्रतिनिधित्व करने वाले डॉ. हर्षवर्धन और दक्षिण दिल्ली का प्रतिनिधित्व करने वाले रमेश बिधूड़ी ही पहुंचे। इनके अलावा मनोज तिवारी, हंसराज हंस, मीनाक्षी लेखी, गौतम गंभीर और प्रवेश साहिब सिंह वर्मा नहीं पहुंचे। गैर हाजिर रहे इन पांच सांसदों के निर्वाचन क्षेत्रों में ही नई दिल्ली, हजरत निजामुद्दीन, आनंद विहार जैसे बड़े रेलवे स्टेशनों के अलावा शाहदरा, मंडावली, तिलक ब्रिज, शिवाजी ब्रिज, सरोजिनी नगर, सफदरजंग, दिल्ली कैंट, शकूरबस्ती, नरेला, नांगलोई, बादली जैसे छोटे रेलवे स्टेशन आते हैं। इन रेलवे स्टेशनों से रोजाना लाखों यात्री ट्रेनों में आते जाते हैं। इसके अलावा कई इलाकों में रेलवे से जुड़ी परियोजनाओं की धीमी रफ्तार, रेलवे ट्रैक के किनारे अतिक्रमण और ऐसी कई समस्याओं से स्थानीय लोग परेशान रहते हैं, जिनका रेलवे से सीधा संबंध है।

दिल्ली मंडल के तहत सुविधाएं बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों और विकास कार्यों के बारे में जानकारी दी

बैठक में जीएम आशुतोष गंगल ने सांसदों को दिल्ली मंडल के तहत रेल यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने के लिए उठाए जा रहे कदमों और विकास कार्यों व नई पहलों के बारे में जानकारी दी। वहीं डीआरएम डिंपी गर्ग ने बताया कि दिल्ली मंडल के दायरे में आने वाले दिल्ली, हरियाणा, पंजाब और यूपी के 22 निर्वाचन क्षेत्रों में यात्री सुविधाओं के बुनियादी ढांचे में किस-किस तरह के सुधार किए जा रहे हैं और रेल सेवाओं को किस तरह से विस्तार दिया जा रहा है।

**दिल्ली की खबरों के लिए टेलिग्राम पर फॉलो करें**
**t.me/nbtdilli**

# 15 करोड़ में प्रॉपर्टी गिरवी रखकर 10 करोड़ में बेच दी


आर्थिक अपराध शाखा ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है

■ **विस, नई दिल्ली : 15 करोड़ में** प्रॉपर्टी गिरवी रखकर उसे धोखे से 10 करोड़ में बेचने के आरोप में आर्थिक अपराध शाखा ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लखनऊ के चंद्रलोक कालोनी निवासी मनोज द्विवेदी, कैसर बाग निवासी ऋषि अरोड़ा और अमानीगंज निवासी उमेश आजाद के रूप में हुई है। इनमें मनोज श्री कॉलोनाइजर्स एंड डिवेलपर्स प्रा. लिमिटेड का सीएमडी है। बाकी दो निदेशक हैं। आरोपियों ने गलत जानकारी देकर होटल और आवासीय कालोनी के लिए प्रॉपर्टी को बेच दिया था। बाद में पता चला कि उस प्रॉपर्टी को गिरवी रखकर आरोपियों ने सिंडिकेट बैंक से पहले ही 15 करोड़ का लोन लिया हुआ है। बैंक ने एनपीए घोषित करने के बाद प्रॉपर्टी को अपने कब्जे में ले लिया था। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर जांच में जुटी है।

एडिशनल सीपी राजीव रंजन के मुताबिक, वर्ष 2018 में वीआरके कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विनोद कुमार राजपाल ने कॉलोनाइजर्स एंड डेवलपर्स प्रा. लिमिटेड व उसके निदेशकों पर ठगी की शिकायत की। जिसमें बताया कि कंपनी ने होटल और आवासीय कालोनी के लिए इंटरनेशनल बिजनेस, सुशांत गोल्फ सिटी, सुल्तानपुर रोड, लखनऊ में स्थित प्रॉपर्टी को दस करोड़ रुपये में बेचा। बाद में पीड़ित कंपनी को पता चला कि उस प्रॉपर्टी को आरोपी कंपनी व उसके निदेशकों ने सिंडिकेट बैंक में गिरवी रखकर 15 करोड रुपये लोन लिया हुआ था। लोन नहीं चुका पाने पर बैंक ने प्रॉपर्टी पर कब्जा कर लिया था। जांच में पुलिस को पता चला कि आरोपियों ने प्रॉपर्टी को बेचने के दौरान पीड़ित को बताया था कि प्रॉपर्टी पूरी तरह फ्री है। पुलिस ने सोमवार को तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।


MARUTI SUZUKI

## PUBLIC NOTICE

**MARUTI SUZUKI INDIA LIMITED**
1st Floor, Plot Number 1, Nelson Mandela Road, Vasant Kunj, New Delhi -110070

Public is hereby informed that Dealership Business of Maruti Suzuki India Limited (Arena and Nexa Channel) of DD Motors (A Div. of D D Industries Limited) has been discontinued. Henceforth, DD Motors will operate as an authorized dealership of Maruti Suzuki India Limited under the name DD Motors (A Div. of D.D. Prem Private Ltd).

Customers are advised in their own interest to take up accordingly for dealing in Maruti Suzuki products and services.

Date: 24th November, 2021

For Maruti Suzuki India Limited
Regional Manager (Central 1)



**स्थावर–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली तथा स्थावर–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, चंडीगढ**

**रिक्ति सूचना**

स्थावर–सम्पदा (विनियम एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 71(1) के अंतर्गत स्थावर सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली तथा स्थावर–सम्पदा विनियामक प्राधिकरण, चंडीगढ तीन साल की अनुबंध अवधि के लिए एक न्याय निर्णय अधिकारी की नियुक्ति करना चाहते हैं। इस नियुक्ति से संबंधित विस्तृत नियम तथा शर्तें एवं आवेदन प्रस्तुत करने की प्रक्रिया **https://rera.delhi.gov.in./careers** तथा **https://rera.chandigarh.gov.in/careers** पर देखी जा सकती है।

**स्कैन्ड आवेदन पत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20.12.2021 (23.59 बजे) है।**











# Reliance Industries Limited

**Registered Office**: 3rd Floor, Maker Chambers IV, 222, Nariman Point, Mumbai 400 021
**Telephone**: +91 (22) 3555 5000 • **Facsimile**: +91 (22) 2204 2268
**E-mail**: investor.relations@ril.com • **Website**: www.ril.com
**CIN:** L17110MH1973PLC019786

**FOR THE ATTENTION OF REGISTERED MEMBERS OF PARTLY PAID-UP EQUITY SHARES**

## PAYMENT OF FINAL CALL

1. **The Company has sent the notice of Second and Final Call ("Final Call Notice") on November 12, 2021 to all the holders of partly paid-up equity shares whose names appeared on the Register of Members as on November 10, 2021 (being the "Call Record Date"). The last date for making payment of Second and Final Call of Rs. 628.50 per partly paid-up equity share is November 29, 2021. Final Call Notice can be downloaded from https://rights.kfintech.com/callmoney**
2. The Second and Final Call payment can be made by opting any one of the following modes, namely, **(a) Online ASBA, (b) Physical ASBA, (c) 3-in-1 type account, (d) R-WAP portal (https://rights.kfintech.com/callmoney) and (e) Deposit of cheque / demand draft with the 'Collection Centers' of the Escrow Collection Banks along with a Payment Slip**. Visit https://www.sebi.gov.in/sebiweb/other/OtherAction.do?doRecognisedFpi=yes&intmId=35 to refer to the list of existing Self-Certified Syndicate Banks ("SCSBs") (for points (a) and (b) above). The shareholders whose First Call is unpaid are required to pay the same (including interest due thereon) along with the Second and Final Call by opting any one of the following modes, namely, **(a) R-WAP portal (https://rights.kfintech.com/callmoney) and (b) Deposit of cheque / demand draft with the 'Collection Centers' of the Escrow Collection Banks. Please read carefully the instructions given in the Final Call Notice before making payment.**
3. **Shareholders may note the consequences of failure to pay the Second and Final Call, given below:**
   (a) Interest @ 8.00 % (Eight per cent only) p.a. will be payable for delay in payment of Second and Final Call beyond November 29, 2021 till the actual date of payment;
   (b) The Company shall be entitled to deduct from any dividend payable, all sums of money outstanding on account of calls and interest due thereon in relation to the partly paid-up equity shares of the Company; and
   (c) The partly paid-up equity shares of the Company currently held, including the amount already paid thereon are liable to be forfeited in accordance with the Articles of Association of the Company and the Letter of Offer dated May 15, 2020.
4. For any query related to the Final Call:
   **a) Refer FAQs on https://www.ril.com/InvestorRelations/FinalCall.aspx or https://rights.kfintech.com/callmoney**
   **b) Call toll-free number 1800 892 9999 (Monday to Saturday – between 9 AM and 9 PM);**
   **c) WhatsApp by typing "Hi" to +91 79771 11111; or**
   **d) E-mail at ril.callmoney@kfintech.com**
5. **This Notice is for information of shareholders with respect to the Second and Final Call and not for publication, distribution, directly or indirectly outside India. This Notice does not constitute an offer or invitation or inducement to purchase or sell or to subscribe for, any new securities of the Company.**

For **RELIANCE INDUSTRIES LIMITED**
Sd/-
**Savithri Parekh**
Company Secretary and Compliance Officer

Place : Mumbai
Date : November 24, 2021






